सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, बिहार

प्रेस विज्ञप्ति

संख्या–cm-222
11/05/2017

2015 बैच के भारतीय प्रशासनिक सेवा के प्रशिक्षु पदाधिकारियों ने मुख्यमंत्री से की मुलाकात

पटना, 11 मई 2017 :– आज मुख्यमंत्री आवास 1 अणे मार्ग स्थित संकल्प में 2015 बैच के भारतीय प्रशासनिक सेवा के बिहार कैडर के नौ प्रशिक्षु पदाधिकारियों ने मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार से मुलाकात की। प्रशिक्षु पदाधिकारियों में श्री सुहर्ष भगत, श्री भवेश मिश्रा, श्री अमन समीर, श्री सावन कुमार, श्री सज्जन आर0, श्री प्रशान्थ कुमार सी0एच0, सुश्री जे0 प्रियदर्शिनी, श्री धनश्याम मीणा एवं श्री मानेश कुमार मीणा शामिल थे।

प्रशिक्षु भा0प्र0से0 के अधिकारियों से परिचय प्राप्त करने के बाद मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार ने पदाधिकारियों से कहा कि बिहार में क्षेत्रीय पदाधिकारियों की प्राथमिकता गुड गवर्नेंस के साथ–साथ विधि व्यवस्था, कम्युनल हार्मोनी एवं आपदा प्रबंधन का होता है। मुख्यमंत्री ने प्रशिक्षु पदाधिकारियों को बताया कि बिहार में प्रशासन के क्षेत्र में लोक सेवा का अधिकार कानून और लोक शिकायत निवारण कानून **Key Intervention** है। सामाजिक क्षेत्र में बिहार में शराबबंदी एक बहुत बड़ा कदम है। उन्होंने अधिकारियों को बताया कि शराबबंदी के बाद सामाजिक क्षेत्र में दहेज प्रथा तथा बाल विवाह के विरूद्ध मुहिम चलेगी। उन्होंने कहा कि भविष्य में जब आप क्षेत्र में पदस्थापित होंगे तो आप सीधे इन बिन्दुओं का कार्यान्वयन करेंगे। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि सरकार की पहल एवं प्राथमिकताओं पर आपकी पूर्ण संवेदनशीलता रहनी चाहिये। उन्होंने कहा कि क्षेत्र में जब आप पदस्थापित होंगे तो आप लोगों से मिलें, उनकी बातें सुनें और नियमानुसार उसका समाधान निकालें।

इस अवसर पर बिपार्ड के महानिदेशक श्री शशि शेखर शर्मा, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव श्री चंचल कुमार, मुख्यमंत्री के सचिव श्री अतीश चन्द्रा एवं मुख्यमंत्री के विशेष कार्य पदाधिकारी श्री गोपाल सिंह उपस्थित थे।

******